विश्वविद्यालय की 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ

पंतनगर। 9 अप्रैल 2026। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में तीन–दिवसीय 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफसर मनमोहन सिंह चौहान द्वारा झण्डारोहण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के 23 छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट की सलामी ली और उनका अवलोकन किया। कुलपति द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा के साथ ही विभिन्न प्रतियोगितायें शुरू हो गईं। सवरस्वती शिशु मंदिर छात्रों द्वारा 'सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा' की धुन पर विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थी रंगबिरंगी वेश–भूषा में मार्चपास्ट किये। इसके उपरांत महिला विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के लिए सभी आयोजकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मंच का संचालन डा. के.पी. सिंह द्वारा किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजित स्पर्धाओं के अंतर्गत पुरूष एवं वर्ग में 800 एवं 100 की दौड़; शॉटपुट में पुरूष वर्ग, लौंग जम्प में महिला वर्ग, 200 मीटर दौड़ में पुरूष एवं महिला वर्ग; 4X400 रिले में पुरूष एवं महिला वर्ग तथा 10,000 मीटर दौड़ में पुरूष वर्ग का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, छात्रावास के अभिरक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस आयोजन में डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. एचएस पपोला, स्टाफ काउंसलर डा. ए.पी. सिंह, डा. रितिका भट्ट एवं सभी प्रतियोगिताओं के निर्णायकों का विशेष योगदान रहा।